Dr. DHANVIR PRASAD

ASSISTANT PROFESSOR (G T)

C.M.J COLLEGE DONWARIHAT(KHUTONA)MADHUBANI

DEPT.OF.PSYCHOLOGY

L.N.M.U DARBHANGA

MOBILE NO:- 6206696451

E-MAIL- dhabeerparasad@gmail.com

MEANING OF INTELLIGENCE

बुद्धि एक जटिल संप्रत्यय है। जिस तरह भौतिकी में समय के संप्रत्यय को परिभाषित करना कठिन है, उसी प्रकार मनोविज्ञान में बुद्धि के सम्प्रत्यय को परिभाषित करना कठिन है। इस कठिनाई के बावजूद मनोवैज्ञानिकों ने बुद्धि के अर्थ को स्पष्ट करने के लिए इसे परिभाषित करने का प्रयास किया हैं। मनोवैज्ञानिकों द्वारा दी गयी परिभाषाओं को चार प्रकारों में बांटा जा सकता है:-

1. सीखने की योग्यता:-

कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार सीखने की योग्यता को बुद्धि कहते हैं। बकिंघम इसे परिभाषित

करते हुए कहा है कि, “सीखने की योग्यता को बुद्धि कहते हैं”।

Intelligence is the ability to learn.

2. चिंतन की योग्यता:-

कुछ मनोवैज्ञानिकों के अनुसार चिंतन करने की योग्यता को बुद्धि कहते हैं। टरमन ने इसे परिभाषित करते हुए कहा है कि , “अमूर्त चिंतन करने की योग्यता को बुद्धि कहते है”।

Intelligence is the ability to carry on abstract thinking.

3. समायोजन की योग्यता:-

कुछ मनोवैज्ञानिकों ने समायोजन की योग्यता को बुद्धि माना है।उनके अनुसार जो व्यक्ति अपने वातावरण के साथ समायोजन स्थापित करने में जिस हद तक सफल होता है, उसे उसी हद तक बुद्धिमान समझा जाता है। पिंटर ने इसी अर्थ में बुद्धि को परिभाषित किया है।उनके अनुसार, “ जीवन

में नयी परिस्थितियों के साथ-साथ समुचित रूप से समायोजित करने की योग्यता को बुद्धि कहते हैं”।

The ability of the individual to adapt himself adequately to relatively new situations in life, is called intelligence.

4. समग्र योग्यता:-

कुछ अन्य मनोवैज्ञानिकों ने व्यक्ति की समग्र योग्यता को बुद्धि माना है, जिसकी अभिव्यक्ति विभिन्न रूपों में होती है। वेश्लर ने इसी व्यापक अर्थ में बुद्धि को परिभाषित किया है। उनके अनुसार, “बुद्धि व्यक्ति की वह समग्र क्षमता है जो उसे उदेश्यपूर्ण कार्य, विवेकपूर्ण चिंतन तथा प्रभावपूर्ण समायोजन में सहायता करती है”।

Intelligence is the aggregate or global capacity of an individual to act purposefully, to think rationally, and to deal effectively with his environment.